# अमेरिका में 43 दिन बाद शटडाउन खत्म

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्यय विधेयक पर किए हस्ताक्षर

**वाशिंगटन, 13 नवंबर. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अल्पकालिक व्यय विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद अमेरिका के इतिहास में सबसे लंबा समय तक चला शटडाउन समाप्त हो गया है.**



ट्रम्प ने शटडाउन को आधिकारिक रूप से समाप्त करने के लिए एक सरकारी वित्त पोषण विधेयक पर हस्ताक्षर किए. इसके साथ ही देश भर में 43 दिनों से ठप पड़ा संघीय कामकाज फिर से शुरू हो गया. उन्होंने रिपब्लिकन सांसदों और पार्टी पदाधिकारियों की मौजूदगी में ओवल ऑफिस में अल्पकालिक व्यय विधेयक पर हस्ताक्षर किये. इस कदम की घोषणा करते हुए उन्होंने शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को दोषी ठहराया और कहा कि उन्होंने यह पूरी तरह से राजनीतिक कारणों से किया था. गौरतलब है कि अमेरिका कांग्रेस (संसद) की प्रतिनिधि सभा ने बुधवार देर रात इस विधेयक को 222-209 मतों से मंजूरी दे दी. इससे ठीक दो दिन पहले सीनेट ने भी इसी विधेयक को बहुत कम अंतर से पारित किया था. ट्रंप ने सदन में मतदान के कुछ ही घंटों के भीतर इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप दे दिया. ओवल ऑफिस से उन्होंने कहा कि संघीय एजेंसियां अब सामान्य कामकाज फिर से शुरू कर सकेंगी.

### हम कभी भी जबरन वसूली के आगे नहीं झुकेंगे

शटडाउन से लोगों को बहुत नुकसान हुआ है. उन्होंने कहा, पिछले 43 दिनों से, कांग्रेस में डेमोक्रेट्स ने अमेरिकी करदाताओं से अवैध विदेशियों के लिए अरबों डॉलर की जबरन वसूली करने की कोशिश करने में अमेरिकी सरकार को बंद कर रखा है. आज हम एक स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि हम कभी भी जबरन वसूली के आगे नहीं झुकेंगे. एक की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर की शुरुआत से नवंबर के मध्य तक चले इस शटडाउन ने कई सरकारी सेवाओं को निलंबित कर दिया था और लगभग 14 लाख संघीय कर्मचारियों को या तो छुट्टी पर भेज दिया गया था या बिना वेतन के उन्हें काम करना पड़ा था. देश भर में खाद्य सहायता कार्यक्रम और हवाई यात्रा बाधित हुई थी.

संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने शटडाउन से कर्मचारियों की कमी के कारण हाल के हफ्तों में हवाई यातायात संचालन कम कर दिया था. विधेयक पर हस्ताक्षर के दौरान ट्रंप ने कहा, आज हम एक स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि हम कभी भी जबरन वसूली के आगे नहीं झुकेंगे. उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते की शुरुआत में सीनेट ने इस विधेयक को पारित करने के लिए 60-40 मतों से मतदान किया. यह विधेयक सैन्य निर्माण, पूर्व सैनिकों के मामलों, कृषि विभाग और विधायी शाखा को 30 सितंबर तक और संघीय सरकार के बाकी हिस्सों को 30 जनवरी तक धन मुहैया कराएगा. आठ डेमोक्रेट्स ने 52 रिपब्लिकन्स के साथ मिलकर इस विधेयक को पारित किया और इसे सदन में भेजा.

# पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे की 61.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**रायपुर, 13 नवंबर. छत्तीसगढ़ में कथित आबकारी घोटाले की जांच के दायरे में प्रवर्तन निदेशालय ने एक और बड़ी कार्रवाई की है. एजेंसी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की करीब 61.20 करोड़ रुपये की संपत्ति यों को कुर्क किया हैं.**



ईडी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की है. कुर्क की गई संपत्तियों में 364 भूखंड और कृषि भूमि (करीब 59.96 करोड़ रुपये मूल्य) के अलावा 1.24 करोड़ रुपये की बैंक राशि और सावधि जमा शामिल हैं. इससे पहले भी आबकारी घोटाले से जुड़ी कई संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं. इस तरह अब तक इस मामले में कुल 276.20 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है. एजेंसी के अनुसार छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाले में राज्य को भारी आर्थिक नुकसान हुआ.

### जेपी इंफ्राटेक के एमडी मनोज गौड़ की गिरफ्तारी

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज गौड़ को 12,000 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि गौर ने घर खरीदारों से जुटाई गई धनराशि के दुरुपयोग और हेरफेर में अहम भूमिका निभाई।

# 25 गाड़ियां टकराने से पांच जिंदा जले

- पुणे में कार और कंटेनर में आग लगी, 8 की मौत
- ट्रक का ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा

**पुणे, 13 नवंबर. पुणे के बाहरी इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक और कंटेनर के बीच में फंसी एक कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार 5 लोगों और ट्रक ड्राइवर समेत 8 लोगों की मौत हो गई, इनमें से 5 जिंदा जल गए थे. हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं।**



पुलिस के मुताबिक, हादसा पुणे-नासिक हाईवे पर भोरगांव के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से कंटेनरों के बीच दब गई और आग लगने के कुछ सेकेंड में ही लपटों में घिर गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। हादसे के बाद करीब एक घंटे तक हाईवे पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतकों के परिवार को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया है।


## तमिलनाडु में विस्फोट मामले में दोषी को 10 साल की सजा

**नई दिल्ली, 12 नवंबर.** चेन्नई के पूनमल्ली स्थित राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने वर्ष 2023 में तमिलनाडु राजभवन पेट्रोल बम विस्फोट मामले में मुख्य आरोपी को बुधवार को दोषी ठहराया और 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई. विशेष अदालत ने विनोथ उर्फ करुक्का विनोथ को विभिन्न धाराओं के तहत क्रमशः 7, 3 और 2 साल की सजा सुनाई गई है. दोषी को 10-10 साल और तमिलनाडु संपत्ति (क्षति और हानि निवारण) अधिनियम के तहत 3 साल की सजा सुनाई गई है.

# फिरोजपुर-पट्टी रेल लिंक परियोजना को मंजूरी

**भोपाल, 13 नवंबर. रेलवे ने पंजाब के मुख्य सचिव को तत्काल भूमि अधिग्रहण के लिए पत्र लिखा है. इस परियोजना से लगभग 10 लाख लोगों को लाभ होगा और लगभग 2.5 लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे.**

रेल मंत्रालय ने फिरोजपुर-पट्टी रेल लिंक परियोजना को मंजूरी दे दी है. यह परियोजना 25.72 किलोमीटर लंबी होगी और इस पर अनुमानित 764.19 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसमें से 166 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण के लिए होंगे, जिसका वहन रेलवे द्वारा किया जाएगा. आज एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह जानकारी देते हुए, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि यह परियोजना सामरिक और आर्थिक दोनों ही दृष्टि से महत्वपूर्ण है. इससे फिरोजपुर और अमृतसर के बीच की दूरी 196 किलोमीटर से घटकर लगभग 100 किलोमीटर रह जाएगी, जम्मू-फिरोजपुर-फाजिल्का-मुंबई कॉरिडोर की दूरी 236 किलोमीटर कम हो जाएगी.



यह परियोजना मालवा और माझा क्षेत्रों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी, जिससे क्षेत्रीय परिवहन और लॉजिस्टिक्स कनेक्टिविटी में सुधार होगा. भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए, बिट्टू ने कहा कि यह पंजाब के लिए एक ऐतिहासिक उपहार है. नई रेल लाइन जालंधर- फिरोजपुर व पट्टी-खेमकरन मार्गों को जोड़ेगी, जिससे अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक सीधा और वैकल्पिक संपर्क स्थापित होगा.

## कनाडा ने रूस के खिलाफ लगाए नए प्रतिबंध

**ओटावा.** कनाडा ने रूस के ऊर्जा क्षेत्र, सैन्य क्षमताओं और साइबर बुनियादी ढांचे से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है. कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि देश के विशेष आर्थिक उपाय (रूस) विनियमों के तहत 13 व्यक्तियों और 11 संस्थाओं को लक्षित करते हैं. एक रिपोर्ट के अनुसार, ये उपाय रूस की पारंपरिक और हाइब्रिड सैन्य क्षमताओं को कम करने के साथ-साथ उसके ऊर्जा राजस्व और वित्तीय संसाधनों को भी प्रभावित करने पर केंद्रित हैं. लक्षित लोगों में रूस के ड्रोन कार्यक्रम से जुड़े कई व्यक्ति और संस्थाएँ शामिल हैं.

# ग्रेनेड अटैक मॉड्यूल का भंडाफोड़, 10 आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 13 नवंबर. लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए आईएसआई-पाकिस्तान समर्थित ग्रेनेड हमला मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने विदेश स्थित हैंडलरों के 10 प्रमुख ऑपरेटिवों को गिरफ्तार किया है.**



यह मॉड्यूल राज्य में अशांति पैदा करने के लिए एक भीड़भाड़ वाले इलाके में ग्रेनेड हमला करने की योजना बना रहा था. गिरफ्तार ऑपरेटिव पाकिस्तानी हैंडलरों के निर्देश पर काम कर रहे थे. शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी एक हैंड ग्रेनेड उठाने और वितरित करने के समन्वय के लिए मलेशिया स्थित तीन ऑपरेटिवों के माध्यम से पाक-आधारित हैंडलरों के संपर्क में थे. उनका काम किसी आबादी वाले इलाके में हमला करना था.

गिरफ्तार किए गए 10 ऑपरेटिव्स का संपर्क सीधे पाकिस्तान स्थित हैंडलरों से था.

## अदालत का क्लर्क 15 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मुंबई के मझगांव के सिविल सेशन कोर्ट के एक क्लर्क को 15 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. क्लर्क द्वारा यह रिश्वत मुंबई के एक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की ओर से भूमि विवाद के एक मामले में अनुकूल फैसला सुनाने के बदले ली जा रही थी. मझगांव स्थित सिविल कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एजाजुद्दीन सलाउद्दीन काजी को इस मामले में वांछित आरोपी बनाया गया है. उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में यह पहली ऐसी घटना हो सकती है, जिसमें किसी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया हो.

# सूरजकुंड में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे शाह

**नई दिल्ली 13 नवम्बर. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को हरियाणा में फरीदाबाद के सूरजकुंड में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32 वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे.**



बैठक में आठ राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप राज्यपाल तथा मुख्य सचिव भाग लेंगे. उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख तथा चंडीगढ़ शामिल हैं. यह बैठक गृह मंत्रालय के अंतर्गत अंतर-राज्यीय परिषद सचिवालय द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है. हरियाणा की ओर से बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी हिस्सा लेंगे. केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे. उल्लेखनीय है कि राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 की धारा 15-22 के अंतर्गत वर्ष 1957 में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी.

# केजरीवाल ने किया रणजीत सिंह को नमन

- शेर-ए-पंजाब को केजरीवाल की भावभीनी श्रद्धांजलि
- महाराजा रणजीत सिंह जयंती पर केजरीवाल का ट्वीट वायरल

**नई दिल्ली, 13 नवंबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने महान योद्धा एवं शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक भावनात्मक पोस्ट करते हुए लिखा कि महाराजा रणजीत सिंह न केवल पंजाब बल्कि पूरे भारत के लिए गौरव का प्रतीक रहे हैं।**

उन्होंने कहा कि रणजीत सिंह की वीरता, दूरदृष्टि और जनता के प्रति समर्पण आज भी प्रासंगिक हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने महान सिख शासक महाराजा रणजीत सिंह की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें भारतीय इतिहास का अद्वितीय नायक बताया। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर लिखा -महान योद्धा, शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह जी की जयंती पर हम उन्हें शीश झुकाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। महाराजा रणजीत सिंह जी को दुनिया भर में एक महान सिख शासक के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने एक विशाल और समृद्ध साम्राज्य की नींव रखी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने महान सिख शासक महाराजा रणजीत सिंह की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित की.



केजरीवाल ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह को इतिहास में एक ऐसे सिख शासक के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने अपने अदम्य साहस, कुशल नेतृत्व और न्यायप्रिय शासन से एक विशाल और समृद्ध साम्राज्य की नींव रखी। उनकी जयंती के अवसर पर केजरीवाल ने देशवासियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश भी दिया।

### एक नजर में



**कांगो में 2.5 करोड़ लोग खाद्य संकट से जूझ रहे**

**संयुक्त राष्ट्र.** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में लगभग 2.5 करोड़ यानी कुल आबादी का 20 प्रतिशत से ज्यादा लोग गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को एक दैनिक ब्रीफिंग में कहा कि डीआरसी खाद्य असुरक्षा से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से एक है और पूर्वी हिस्से में स्थिति विशेष रूप से गंभीर है. उन्होंने कहा कि नवीनतम एकीकृत खाद्य सुरक्षा चरण वर्गीकरण विश्लेषण के अनुसार, 2026 की पहली छमाही में यह संख्या लगभग 2.7 करोड़ तक पहुँचने का अनुमान है. दुजारिक ने कहा कि मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) उत्तरी किवु प्रांत के बेनी और लुबेरो क्षेत्रों और इतुरी प्रांत में नागरिकों पर

# 2095 करोड़ की मिसाइलों की होगी खरीद

## अनुबंध पर हस्ताक्षर : टी-90 टैंकों की मारक क्षमता बढ़ाने की कवायद

**नयी दिल्ली 13 नवम्बर. देश की पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सैन्य तैयारियों को पुख्ता बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्रालय ने भारत डायनेमिक्स लिमिटेड से स्वदेशी इनवार टैंक रोधी मिसाइलों की खरीद के लिए 2095.70 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।**



रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि मंत्रालय ने खरीदें (भारतीय) श्रेणी के अंतर्गत कुल 2,095.70 करोड़ रुपये की लागत से इनवार टैंक रोधी मिसाइलों की खरीद के लिए भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और बीडीएल के प्रतिनिधियों ने आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इनवार टैंक रोधी मिसाइलों की खरीद से भारतीय सेना की बख्तरबंद रेजिमेंटों के मुख्य आधार टैंक टी-90 की मारक क्षमता में वृद्धि होगी।

यह हथियार प्रणाली एक अत्याधुनिक लेज़र-निर्देशित टैंक रोधी मिसाइल है जिसकी मारक क्षमता बहुत अधिक है। यह मशीनीकृत अभियानों के संचालन को बदलने और शत्रु के विरुद्ध परिचालन लाभ प्रदान करने के लिए तैयार है। सूत्रों के अनुसार इस खरीद के तहत करीब 500 मिसाइलें खरीदी जाएंगी।

### आज का इतिहास

1681 ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल को एक अलग रियासत बनाने का ऐलान किया.

1889 स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म.

1922 ब्रिटिश ब्राडकास्टिंग कोरपोरेशन (बीबीसी) ने ब्रिटेन में रेडियो सेवा की शुरुआत की.

1935 आधुनिक जार्डन के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शाह हुसैन का जन्म. उन्होंने 1953 से 1999 तक जार्डन पर शासन किया.

1948 प्रिंस चार्ल्स का जन्म. वह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप के सबसे बड़े पुत्र हैं.

# चीन सीमा के पास लद्दाख में एयरबेस चालू

**नई दिल्ली, 13 नवंबर. भारत सीमा से सटे पूर्वी लद्दाख में सैन्य क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को अपना न्योमा एयरबेस का संचालन शुरू कर दिया। इसके साथ ही पूर्वी प्रचंड प्रहार नाम का एक बड़ा सैन्य अभ्यास अरुणाचल प्रदेश में चल रहा है।**



भारत के इस फैसले को काफी अहम माना जा रहा है। एलएसी से करीब 35 किमी दूर स्थित न्योमा में 230 करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन कार्य किया गया है। दरअसल, 34 हजार किमी से अधिक एलएसी के ठीक विपरीत छोर पर हो रहा ये घटनाक्रम चीन सीमा पर उच्च सैन्य तत्परता को दर्शाता है। टीओआई ने एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से बताया कि द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों में लगातार सुधार हो रहा है। सैन्य विश्वास बहाली के उपाय भी लगातार मजबूत हो रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर विश्वास की कमी अभी देखने को मिल रही है।

साल 2020 में पूर्वी लद्दाख में कई चीनी घुसपैठों के बाद से लगातार छठवें साल सैनिकों की अग्रिम तैनाती जारी है।

**शिकंजा** — पूर्व पति हयात जफर ने किए खुलासे : 13 साल पहले शाहीन से हुआ था तलाक

# जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग 'जमात-उल-मोमिनात' से जुड़ी थी शाहीन

**नई दिल्ली, 13 नवम्बर. दिल्ली कार ब्लास्ट केस में गिरफ्तार लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद को लेकर नए खुलासे सामने आए हैं. शाहीन के पूर्व पति डॉ. हयात जफर ने बताया कि दोनों का 2012 में तलाक हो गया था और उसके बाद से कोई संपर्क नहीं रहा. शाहीन फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर थीं और कथित रूप से जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग 'जमात-उल-मोमिनात' से जुड़ी बताई जा रही हैं.**

डॉ. हयात ने बताया कि शाहीन चाहती थीं कि पूरा परिवार ऑस्ट्रेलिया या यूरोप में बस जाए, लेकिन विचारों में मतभेद के कारण वे अलग हो गए. इस बीच फरीदाबाद में शाहीन के किराए के दो कमरों से 2,900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया.

### अल फलाह यूनिवर्सिटी से आतंकी का कनेक्शन



फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी सुर्खियों में आ गई थी. दिल्ली के लालकिला मैट्रो स्टेशन पर हुए कार बम विस्फोट और विस्फोट में प्रयोग कार व डॉ. उमर का भी यूनिवर्सिटी से कनेक्शन जुड़ने के बाद सुरक्षा एंजेसियों ने यूनिवर्सिटी को अपने रडॉर पर ले लिया. छापेमारी के बाद सुरक्षा एंजेसियों ने यूनिवर्सिटी से 7 डॉक्टरों, पर लगातार शिंकजा कसा जा रहा है.

शाहीन के पिता और भाई से भी पूछताछ जारी है. अल-फलाह यूनिवर्सिटी के स्टाफ ने बताया कि वह अकसर अनुशासन तोड़ती थी और कई संदिग्ध लोग उससे मिलने आते थे. शाहीन का नाम अब भारत में जैश की महिला नेटवर्क से जोड़कर देखा जा रहा है. फरीदाबाद में गिरफ्तार कश्मीरी डॉक्टर मुजम्मिल से शाहीन के संबंध भी सामने आए हैं. मुजम्मिल वही व्यक्ति है जिसके पास से भारी मात्रा में विस्फोटक और ज्वलनशील पदार्थ मिला. माना जा रहा है कि दोनों मिलकर बड़े आतंकी नेटवर्क के हिस्से के रूप में काम कर रहे थे. अल-फलाह यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों ने बताया कि शाहीन अक्सर कॉलेज में अनुशासनहीनता दिखाती थी और उससे मिलने कई संदिग्ध लोग आते थे. प्रबंधन के पास उसके खिलाफ कई शिकायतें भी थीं.

दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए बड़ा विस्फोट के बाद असम में बड़ा एक्शन हुआ है. पिछले कुछ घंटों में असम पुलिस ने 15 लोगों को संधिग्द लोगों को गिरफ्तार किया है. इन सभी पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है. असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि दिल्ली विस्फोटों के बाद आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर राज्य में अब तक 15 गिरफ्तारियां हुई हैं.

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि दिल्ली विस्फोटों के बाद आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के सिलसिले में अब तक पूरे राज्य में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. असम पुलिस ने दरांग, गोलपाड़ा, चिरांग, कामरूप और बोंगाईगांव के पांच लोगों को गिरफ्तार किया इससे पहले, असम पुलिस ने दरांग के मतिउर रहमान, गोलपाड़ा के हसम अली, चिरांग के अब्दुल लतीफ, कामरूप के वझुल कमाल और बोंगाईगांव के नूर अमीन अहमद को भी गिरफ्तार किया था. इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने दिल्ली धमाके के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट किए.

### आदिल अहमद की शादी एजेंसियों की रडार पर

दिल्ली कार ब्लास्ट मामले में गिरफ्तार डॉक्टर आदिल अहमद राथर की शादी सुरक्षा एजेंसियों की जांच के घेरे में आ गई है. जांच के दायरे में आने के मुख्य कारण और ताजा जानकारी निम्नलिखित हैं- संदिग्धों का जमावड़ा- आदिल की शादी 4 अक्टूबर 2025 को श्रीनगर में एक डॉक्टर से हुई थी. सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि इस शादी समारोह में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कई संदिग्ध लोग और डॉक्टर्स गैंग के सदस्य शामिल हुए थे. आतंकी साजिश का सुराग- एजेंसियों को सूचना मिली थी कि शादी के अगले ही दिन भारतीय सैनिकों को निशाना बनाकर धमकी भरे पोस्टर लगाए गए थे, जिससे इस शादी समारोह और आतंकी गतिविधियों के बीच संबंध होने का संदेह पैदा हुआ.



### विस्फोटक का 'शिपमेंट' और 'पैकेज' कोडवर्ड नाम

आतंकी संगठन अपने विदेशी हैंडलर्स से एन्क्रिप्टेड रूट के माध्यम से संवाद करते थे और इसी माध्यम से उन्हें आदेश भी मिलते थे. इस मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि अमोनियम नाइट्रेट, ऑक्साइड और फ्यूल ऑयल जैसे पदार्थों से तैयार किए जाने वाले विस्फोटक को आतंकी शिपमेंट और पैकेज जैसे कोडवर्ड से संबोधित करते थे.